Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बांसवाड़ा में पंचायत समिति घाटोल की सहायक प्रशासनिक अधिकारी 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *08 अगस्त, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की बांसवाडा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **श्रीमती वर्षा सेठ सहायक प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत समिति घाटोल, जिला बांसवाड़ा** को परिवादी से **40 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की बांसवाड़ा इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके बकाया वेतन का भुगतान करने तथा एम्पलाई आईडी ट्रांसफर करने की एवज में आरोपी श्रीमती वर्षा सेठ सहायक प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत समिति घाटोल, जिला बांसवाड़ा द्वारा **80 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की बांसवाड़ा इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेश मीणा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपिया श्रीमती वर्षा सेठ सहायक प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत समिति घाटोल, जिला बांसवाड़ा को परिवादी से **40 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपिया द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी जयपुर की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपिया से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**